परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 10-11-2025

- **मण्डलायुक्त बस्ती एवं डीआईजी बस्ती द्वारा दिल्ली कार धमाके के दृष्टिगत भदेश्वरनाथ मंदिर एवं बस्ती रेलवे स्टेशन आदि का किया गया भ्रमण।**
- **संदिग्ध व्यक्तियो,वस्तुओं व वाहनो को किया गया चेक।**
- **सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 10.11.2025 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बस्ती के साथ आज दिल्ली में हुए कार धमाके की घटना के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलो का भ्रमण किया गया।भ्रमण के दौरान सभी अधिकारियों द्वारा भीड़भाड़ वाले स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियो, वस्तुओं व वाहनो की चेकिंग की गयी। स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने, सघन चेकिंग, फुट पेट्रोलिंग, एवं CCTV कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।डीआईजी बस्ती ने कहा कि सभी सार्वजनिक, धार्मिक एवं यातायात स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासन पूर्ण सतर्कता बरते ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे।लोगो से अपील की गयी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु के दिखायी देने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती